श्रीमती सुचेता कृपालानी : यह मैं मंजूर करती हूं कि ५०० करोड़ की जायदाद भी नोशनल है। लेकिन हमारे देश में जो १९५ करोड़ की रकम है वह दूसरे किस्म की है। वह सिर्फ देखने में १८५ करोड़ है। इसमें से करीब १०० करोड़ रुपये की तो एवैक्वी properties हैं। ८५ करोड़ रु० अलग है। सरकार ने जो रिफ्यूजीज के मकान बनाये हैं और जो कर्जे उन लोगों को दिये हैं वह सब मिला कर ८५ करोड़ होता है। आप ने जो कर्ज दिया है वह करीब ५६ करोड़ है और आर० एफ० ए० का करीब ९ करोड़ होता है। इस तरह से कुल ६४, ६५ करोड़ रुपया गवर्नमेंट का है। यह पैसा रिफ्यूजीज द्वारा इन्स्टालमेन्ट्स से अदा होगा। फिर जिन को कर्जा दिया गया है उनमें बहुत क्लेमेन्ट्स नहीं हैं नानक्लेमेन्ट्स को कर्जा दिया गया है, इस के अलावा कुछ लोग ऐसे हैं जो कि स्माल क्लेमेन्ट्स हैं। दूसरी बात यह है कि जिन्होंने कर्ज लिया उन्होंने यह सोच कर लिया कि पंद्रह साल में अदा कर देंगे और हम क्लेम्स का पैसा और काम में लगाएंगें। अब सरकार ने फैसला किया है कि सारा कर्जा क्लेम्स (claims) के against ऐडजस्ट कर लिया जायेगा। मैं कहना चाहती हूं कि आज वह इस पोजीशन में नहीं हैं कि इस तरह से उन से सारा पैसा adjust कर ले

[श्रीमती सुचेता कृपालानी]

ऐसा करना उन के साथ बड़ी बेइन्साफी होगी। और लोग दे नहीं सकेंगे नतीजा यह होगा कि जो हिसाब सरकार ने क्लेम्स देने के लिये ६४ हजार की वसूली का लगाया है वह मिल नहीं सकेगा। और अगर थोड़ा मिल भी जायेगा तो उस से सरकार कम्पेन्सेशन कितना दे सकेगी? नानक्लेमेन्ट्स से तो हम कुछ ले नहीं सकते स्माल क्लेमेन्ट्स से थोड़ा बहुत ले सकेंगे जिन का कुछ रुपया पड़ा हुआ है, लेकिन उस से हमारा काम तो पूरा नहीं पड़ सकता है। हाउसिंग की रकम और अगर देखी जाय तो रुपया जो कि मकान बनवाने में खर्च हुआ है उस में सड़कें निकाली गई स्कूल के लिये जगह रक्खी गई पार्क वगैरह के लिये जमीन रक्खी गई। और जो मकान बनाये गये हैं वह आप ने किन लोगों को दिये हैं? दो तिहाई मकान तो आप ने उन लोगों को दिए हैं जो कि नानक्लेमेन्ट्स हैं। उन से आप कौन सा पैसा वसूल करेंगे। बाकी क्या बचा? जो स्माल क्लेमेन्ट्स हैं उन के लोग रोजाना हमारे पास आ रहे हैं यह दिखाने के लिये कि जो कुछ उन के पास था वह खर्च हो गया और किराया तक देने की उनकी शक्ति बाकी नहीं रह गई है वह सरकार का पैसा कहां से वापस दे सकेंगे। तो सरकार कम्पेन्सेशन देने के लिये जिस ८५ करोड़ रुपये का हिसाब लगा रही है, वह कहां से आयेगा। इसी लिये मैं कहती हूं कि मैं इस इवैक्वी प्रापर्टी pool की रकम को नोशनल रकम समझती हूं। हम लोग तो जो बदकिस्मती से इस ऐडवाइजरी कमेटी में फंस गये हैं एक धर्म संकट में पड़ गये हैं। इधर यह सोच रहे हैं कि नानक्लेमेन्ट्स से कैसे रुपया वसूल किया जाय क्योंकि वह सब से गरीब हैं अगर उन से कुछ वसूल किया जाय तो हमें तकलीफ होती है। दूसरी तरफ अगर उन से नहीं लेते हैं तो जिन लोगों को क्लेम्स का रुपया देना है उन लोगों का नुक्सान होता है। दोनों तरफ से हमारी मुसीबत है और समझ में नहीं आता कि क्या करें। इस तरह से यह साफ दिखाई पड़ता है कि यह १८५ करोड़ रुपया असलियत में बहुत नाकाफी है।

यह १८५ करोड़ की रकम और भी कम है क्योंकि हम लोगों ने पिछले साल जब बहुत कहा तो रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री इस बात पर राजी हो गई थी कि जिन लोगों ने ३०० रु० तक कर्ज लिया है उनका कर्जा माफ हो जायेगा और इस कैटगरी के लोगों में जिन्होंने कि एजुकेशनल पर्पेजेज के लिये लोन लिये थे उनको भी माफ किया गया था। और हमारी डिमान्ड है कि इस ३०० रु० की रकम को बढ़ा कर ५०० रु० कर दिया जाय। यह सब रकम evacuee pool से निकाली जायगी। अगर आप हिसाब लगाइये तो आप को पता चलेगा कि आप के पास १८५ करोड़ रुपया नहीं है। कम्पेन्सेशन आप कैसे देंगे यह मुझे मालूम नहीं। मुझे यह मालूम है कि कम्पेन्सेशन के सवाल को लेकर लोगों में बड़ी परेशानी है। पर सब से बड़ी परेशानी तो यह है कि आप तरह तरह की स्कीम निकालते हैं जिस से आप के पास कुछ कैश हो कम्पेन्सेशन देने के लिये। आप लोगों से कहते हैं कि वह अपने किराये की कुल रकम को जो बाकी है फौरन अदा करें। अगर वह नहीं देंगे तो आप मकान को नीलाम करवा देंगे। नतीजा यह होगा कि वह अपना किराया तो अदा नहीं कर सकेंगे इसलिये आप उन के मकान नीलाम करवा देंगे। और जो गरीब घरों में बैठे हुए हैं उन को वहां से बाहर निकलना पड़ेगा। आप एक शख्स को भी ठीक से रिहैबिलिटेट तो कर नहीं पायेंगे उल्टा इतने लोगों को डिहैबिलिटेट और कर देंगे। और इतना करने पर भी आप लोगों को कम्पेन्सेशन नहीं दे सकेंगे। अभी आप

इसी परेशानी में उलझे हुए हैं, और जो नये आदमी आये उन के लिये क्या कर सकेंगे मैं जानना चाहती हूं कि आखिर यह क्लेम्स कैसे सेट्टल होंगे। मैं जहां भी जाती हूं, अभी लखनऊ और कान पुरगई थी, वहां पर हमें लोग बतला रहे हैं कि जो जमीन पहले १० रुपये गज थी आज वही ३० रुपये गज बताई जा रही है। यही शिकायत दिल्ली से आ रही है।

Claims की जो रकम है उसको पूरा करने के वास्ते, जायदाद की वैल्यू नोशनल तरीके से बढ़ाई जा रही है ताके Compensate करने का काम आपके लिये कुछ आसान हो जाये। लेकिन इस तरह से काम नहीं चल सकता है। अगर आपको सचमुच कम्पेन्सेशन देना है तो आप से म अपील करूंगी और आप की मारफत सरकार से अपील करूंगी कि इस के लिये कोई प्रैक्टिकल तरीका निकालिये। प्रैक्टिकल तरीका यह हो सकता है कि आज जो कम्पेन्सेशन देना है उस का हिसाब लगाया जाय और वह रुपया रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री को कर्ज के रूप में दे दिया जाय और उस से वह कम्पेन्सेशन बांट दे। इसके बाद रिफ्यूजीस से मकान और कर्जे की रकम Small instalments से धीरे धीरे अदा करें।

दूसरा तरीका यह है कि सरकार लो इनकम ग्रुप वालों के लिये जो हाउसिं स्कीम निकाली है उस को रिहैबिलिटेशन स्कीम के साथ मिला दिया जाय। उस स्कीम के मुताबिक गवर्नमेन्ट ८००० रुपया उधार देगी और उसको ३० साल में लोगों से वसूल करेगी। अगर इस स्कीम को रिहैबिलिटेशन के साथ मिला दिया जाय तो इससे सरकार को उन लोगों को रिहैबिलिटेट करने में बड़ी मदद मिलेगी जो कि थोड़े कम्पेन्सेशन के हकदार हैं और जो Non-claimants या सरकारी मकानों में हैं या सरकार से कर्जा लिये हैं और उससे ऊपर मैं कहूंगी चाहे जो भी हिसाब किताब आपका पाकिस्तान के साथ हो, चाहे जितना रुपया भी उससे आप को लेना हो, चाहे आप वह रुपया लें या न लें लेकिन इस कम्पेन्सेशन पूल में जरूर सरकार को आधी रकम डालनी चाहिये। इस बात को हम पूरी जिम्मेदारी से कहते हैं और गवर्नमेंट को इसे मान लेना चाहिये।

इतनी बातें वेस्ट पाकिस्तान से आए हुए लोगों के बारे में कहने के बाद मैं एक दो बातें ईस्ट पाकिस्तान से आए लोगों के बारे में कहना चाहती हूं। मुझ पर यह इल्जाम लगाया जाता है कि जब भी मैं बोलती हूं वैस्ट पाकिस्तान से आए रिफ्यूजीज के बारे में ही बोलती हूं और मेरा ध्यान ईस्ट पाकिस्तान से आए हुए लोगों की तरफ नहीं जाता। मैं कहना चाहती हूं कि मैं बंगाली हूं और अब मैं बंगाल को कसे भूल सकती हूं। मुझ बहुत खुशी है कि आज सात साल के बाद हमारी सरकार ने समझना शुरू कर दिया है कि यह प्राब्लैम एक सीरियस प्राब्लैम है। आज तक तो इस के बारे में टाल मटोल ही हो रही थी लेकिन अब यह बात तसलीम कर ली गई है कि यह भी एक सीरियस प्राब्लैम है। आप Chairman भी हमारे साथ थे जब हम ने आसाम का दौरा किया और आप भी, जो हालात हैं, उन से पूरी तरह वाकिफ हैं। वहां पर रिफ्यूजीज की क्या हालत है, यह आप की रिपोर्ट को पढ़ने से पता लगता है कि ३५ लाख रिफ्यूजीज यहां आए हैं लेकिन हमारी फिगर्ज के मुताबिक ये कुछ ज्यादा हैं। इन ३५ लाख रिफ्यूजीज में से ८० फीसदी वैस्ट बंगाल में हैं। बिहार और उड़ीसा से हैवी डिजर्शन हुई हैं। वैस्ट बंगाल में जमीन नहीं है केवल मार्जिनेल और सब-

[श्रीमती सुचेता कृपालानी]

मार्जिनेल लैंड अवेलेबल है। सात साल के बाद दो लाख आदमी अब भी कैम्पों में बैठे हुए हैं। कैम्पों में क्या हालत है इस के बारे में अभी श्रीमती रेणु चक्रवर्ती ने बहुत कुछ कहा है और मैं इस में नहीं जाना चाहती। तकरीबन ११,००० लोग जुलाई से दिसम्बर तक हर महीने यहां आ रहे हैं और अब आने वालों की तादाद बढ़ रही है। आसाम और बंगाल का मैंने हाल में ही टूर किया है और जिस हालत में ये रिफ्यूजीज हैं वह मैं आपको बताना चाहती हूं। उनमें बहुत बेरोजगारी है। वे भिखारियों की तरह से रह रहे हैं। यहां पर दिल्ली में अगर किसी को नजफगढ़ में जा के बसाया जाता है तो बहुत शोर किया जाता है कि यह बहुत दूर है और नजदीक जगह मिलनी चाहिये। बंगाल और आसाम मे जहां इन लोगों को बिठाया गया है वह शहर से ४०,४० और ५०-५० मील दूर है। वहां लोग खाएं क्या और काम क्या करें। वे लोग दिनों दिन घुल घुल कर मर रहे हैं। उनको करने के लिए कोई काम नहीं मिलता। उनके बाल बच्चों की शिक्षा का कोई इंतिजाम नहीं है। वहां पर कोई बिजिनेस नहीं हो सकता। आसाम और बंगाल की economic हालत ऐसे ही खराब है उस पर रिफ्यूजीस की हालत और भी खराब और भयानक है। उनको बचाने का कोई रास्ता निकालना चाहिये। पूर्वी zones में rehabilitate कराने के काम में कई कठिनाइयां ह। मैं एक उदाहरण देती हूं।

वहां जो loans दिये जाते हैं उसका हाल सुनिये। रिहैबिलिटेशन फाइनेंस एड्मिनिस्ट्रेशन द्वारा loans दिये जाते हैं उसमें पचासों कंडिशंज लगाई जाती हैं। इन कंडीशज में से एक कंडीशन यह है कि लोन लेने वाले को एक गारंटर को ढूंढ़ना पड़ता है। यह जो रिफ़्यूजीज आते हैं इन को गारंटर ढूंढ़ने में बड़ी मुश्किल होती है और जब तक वे कोई गारेंटर तलाश न कर लें उनको लोन नहीं मिलता। इसका नतीजा यह हो रहा है कि वहां पर प्रोफैशनल गारेंटर्स बन गए हैं जो यदि ६००० की गारेंटी देते हैं तो २००० उसमें से रख लेते हैं और बाकी का चार हजार लोनी को मिलता है। इसका नतीजा यह होता है। कि वे बेचारे बड़े परेशान हो जाते हैं और आप खुद ही अंदाजा लगाइये कि एक आदमी ४००० रुपये से क्या काम कर सकता है? उनका कुछ काम नहीं बनता।

एक दो शब्द में वैस्ट बंगाल गवर्नमेंट के बारे में कहूंगी। सिर्फ कलकत्ता शहर में १७९ सक्वैटर्स कालोनीज हैं जो कि हार्ट आफ दी बंगाल गवर्नमेंट है। कलकत्त में रिफ्यूजीस की देखभाल इतनी कम हुई है कि हजारों आदमी squatters colonies में बैठ हुये हैं। कलकत्ता में मैं एक कालोनी में गई और मुझे बताया गया कि एक कालोनी के बाहर कुछ जमीन खाली पड़ी थी और इन रिफ्यूजीज ने मर मर कर वहां रहने के लिए कुछ जगह बना ली। मुझे यह भी बताया गया कि वहां से लोगों को गोलियां और लाठी से उठाया गया है। वैस्ट बंगाल के एड्मिनिस्ट्रेशन के बारे में जितना भी कहा जाय थोड़ा है।

हम कोई बात कहते हैं तो इनको बुरी लगती है। वहां का एड्मिनिस्ट्रेशन टोटली इनएैफिशेंट है, करप्शन वहां पर रैम्पेंट है और इन टर्मस आफ एचीवमेंट उनकी एचीवमेंट बहुत कम है। आप के हिसाब से तो वहां पर रिहैबिलिटेशन हो गया क्योंकि आप ने रुपया खर्च कर दिया लेकिन मैं कहती हूं अभी तक काम कुछ भी नहीं हुआ है। एक उदाहरण देती हूं। सुन्दर बन में बिल्कुल दलदल और नमक वाली जमीन पे रिफ्यूजी बसाये गये। सुन्दर बन में रिफ्यूजीज को लोन दिया गया था उन को इंस्टालमेंट्स में दिया गया था जिसको

२०० रुपये देने थे उसको पचास पचास रुपये कर के दिए गए। यह रुपया उनको बैल वगैरा खरीदने के लिए दिया गया था। अब आप ही बताइये कि ५० रुपये में अब वह एक बैल खरीद सकता है या उसकी एक टांग ही इस तरह से न तो वे बेचारे जमीन को रिक्लेम कर सके और न ही उनका कोई काम हो सका। उनको जमीन रिक्लेम कर के नहीं दी गई। वे बचारे मरते गिरते विदआउट टिकट यहां आए, उन्होंने जवाहरलाल जी का दरवाजा खटखटाया, दूसरी जगह गए लेकिन कोई तवज्जह नहीं दी गई। रेनुका रे को चिट्ठी लिखी गई और वहां से जवाब आया कि रिहैबिलिटेट कर दिया गया है। इस तरह से रिहैबिलिटेशन नहीं होगी। मैं ज्यादा इस प्वाइंट पर कहना नहीं चाहती। क्योंकि घंटी बज चुकी है। मुझे खुशी है कि अब खन्ना साहब यहां पर हैं और हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं—वहां के रिफ्यूजी अब तक समझ रहे थे कि उनको देखने वाला कोई नहीं है। वह बिल्कुल निराश थे। आज वह वातावरण नहीं है। लोगों में आशा है। बंगाल के अखबारों में भी इस बात की चर्चा की गई है। मनोवैज्ञानिक वातावरण बदला है। मेरे पास construction प्रोपोजल्ज तो बहुत है लेकिन वक्त न होने के कारण मैं वे खन्ना साहब को बाद में दे दूंगी। लेकिन मैं अब इस सिलसिले में इतना ही कहना चाहती हूं कि वहां पर जैसी पोजीशन इस वक्त है उसको एसेस किया जाए और उस के मुताबिक ही programme और पालिसी बनाई जाय

बैठने से पहले मैं नेहरू लियाकत पैक्ट के बारे में जरा सा कहना चाहती हूं। यह पैक्ट इसलिए किया गया था कि इधर के लोग उधर न जा सकें और उधर के लोग इधर न आ सकें और दोनों सरकारें अपने अपने मुल्कों में ऐसे हालात पैदा करें जिन में ये लोग अपने आप को महफूज पाएं। यह पैक्ट वन वे ट्रैफिक को रोकने के लिए बनाया गया था। लेकिन आज जो हालात पैदा हो गए हैं वे भी गौर करने के काबिल हैं। आज जो मुसलमान हिन्दुस्तान वापस आ रहे हैं और यहां पर रहना चाहते हैं उनको तो हम रिहैबिलिटेशन ग्रांट्स भी देते हैं और जमीन भी वापस दे देते हैं, यह बहुत खुशी की बात है। ऐसा करना भी चाहिए। लेकिन पाकिस्तान से हिन्दू धड़ा धड़ आ रहे हैं। मैं जानना चाहूंगी कि पाकिस्तान भी ऐसी ही सहूलियतें दे रहा है और जो यह पैक्ट है इस पर अमल कर रहा है और यदि कर रहा है तो क्या वजह है कि वहां से इतने ज्यादा हिन्दू भारत आ रहे हैं। हमारी सरकार ने इस बारे में पाकिस्तान सरकार से कोई बात छेड़ी है या नहीं। अगर इस बाद को न रोका जाय तो पूर्वी बंगाल कि रिफ्यूजियों को बसाना किसी हालत में सम्भव नहीं है।

लाला अचिंत राम : अगर एक सप्लिमेंटरी बजट को भी शामिल कर लिया जाए तो रिहैबिलिटेशन पर यह नौवां बजट है। यह चौथे मिनिस्टर हैं जो आज यह बजट पेश कर रहे हैं। तीन तो चले गए और अब ये चौथे तशरीफ लाए हैं। जो पहले मिनिस्टर थे वे तो अपने अपन फर्ज अदा कर गए हैं और अब मेहर चन्द खन्ना जी आए हैं और खुशी की बात है कि इन के आने से हर जगह एक खुशी की लहर दौड़ गई है। इन के हाथ में शायद कोई तलिस्मा है कि जिधर भी देखते हैं खुशी ही खुशी देखते हैं। मुझे भी बड़ी खुशी है......

श्री डी० सी० शर्मा (होशियारपुर): यह पहली बार है।

लाला अचिंत राम : पहले भी खुशी होती थी लेकिन उसके साथ ही साथ गमी भी होती थी।

[लाला अचिंत राम]

इस मौके पर मैं श्री अजित प्रसाद जैन जी को ट्रीब्यूट पे करना चाहता हूं कि उन्होंने मेहनत से काम किया और प्राइम मिनिस्टर साहब को मुबारिकबाद देना चाहता हूं कि उन्होंने नब्ज पर हाथ रखा और ठीक आदमी को ठीक जगह पर लगाया । आज इस वक्त जो टीम है भोंसले साहब की और खन्ना साहब की वह बेहतरीन टीम है । चन्द दिनों के अन्दर ही जिस मिठास से, जिस हमदर्दी से और जिस सेवा करने की भावना से इन्होंने लोगों के दिलों को जीता, इसकी भी तारीफ किए बिना मैं नहीं रह सकता हूं । खन्ना साहब के सामने मैं चन्द बातें दुहरा देना चाहता हूं जो कि मैं आठ साल से दुहरा रहा हूं ।

3 P.M.

पहली बात यह है कि यह रिफ्यूजीज मसला पार्टीशन का बच्चा है । मुल्क का जो पार्टीशन हुआ वह तमाम मुल्क की बेहतरी के लिए हुआ और इस वक्त जो इस गवर्नमेंट के नेता हैं उनके मशविरे से हुआ । इस वास्ते रिफ्यूजी चाहते हैं कि उनका जो कुछ नुकसान हुआ है, करोड़ों और अरबों का, उसका एक एक पैसा उनको मिलना चाहिए । रिफ्यूजीज यह महसूस करते हैं कि उनके नुकसान को हिन्दुस्तान अदा करे और उसके लीडर अदा करें । यह आप जानते ही हैं । फिर भी मैं अर्ज किये देता हूं ।

दूसरे रिफ्यूजीज के दिल म यह ख्याल ह कि इस मसले को जिस तेजी और ताकत के साथ लेना चाहिए था उस तेजी और ताकत के साथ नहीं लिया गया है, गो कि गवर्नमेंट ने बहुत काम किया है जिसकी तमाम दुनिया में तारीफ है और जिसकी मैं भी तारीफ करता हूं । लेकिन फिर भी रिफ्यूजीज के दिल में यह बात है कि जिस तरह से इस मसले को वार बेसिस पर लेना चाहिए था उस तरह से हमारी गवर्नमेंट ने इसको नहीं लिया है । अगर आज लड़ाई शुरू हो जाय तो क्या हमारी गवर्नमेंट, क्या यू० पी० की गवर्नमेंट और क्या सी० पी० की गवर्नमेंट और क्या मद्रास की गवर्नमेंट, इसी तरह से काम करेंगी जिस तरह से कि आज कर रही हैं । ८० लाख आदमी दुखी हैं । लड़ाई में इतने आदमी दुखी नहीं होते । लेकिन फिर भी वार बेसिस पर इस काम को नहीं लिया गया । रिफ्यूजीज का ऐसा ख्याल है ।

तीसरी बात में सोशलिस्ट पैटर्न आफ सोसाइटी के बारे में कहना चाहता हूं । आज मल्क के सामने सोशलिस्ट पैटर्न आफ सोसाइटी रखा गया है । रिफ्यूजीज इस पैटर्न को खुशी से कबूल करते हैं । लेकिन उनका कहना है कि इस मुल्क के अन्दर जो इतने बड़े बड़े सरमायेदार हैं, जो इतने बिड़ला, डालमिया वगैरह हैं जिन के पास अरबों रुपया है उनके ऊपर वह ४० पर सेंट का ही कट लगा दें पहले सरकार उन पर इस सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी का तजर्बा कर ले फिर हम पर भी यह लगाया जाय । वह हमको ही तख्ता मश्क न बनावें । हमें जरा दम लेने दें थोड़ी देर ठहर जायें, फिर हम पर भी यह पैटर्न लागू करें ।

चौथी बात में यह अर्ज करना चाहता हूं कि मैं पिछले चार साल से चुपचाप देख रहा हूं, ५२, ५३, ५४, ५५ गुजर गये, पांच एड्रेस प्रेसीडेंट के हो गये, लेकिन उन्होंने कहीं इस बात का जिक्र तक नहीं किया है कि हिन्दुस्तान के अन्दर कोई रिफ्यूजी प्राबलम है भी या नहीं इस बात का मुझे थोड़ा सा दुख है । क्या वाके कोई प्राबलम नहीं रहा है ? हमारे प्रेसीडेंट साहब तो भोले आदमी हैं जैसा कहो वैसा कह देते हैं । अभी इन्दौर में उन्होंने स्पीच की कि प्राबलम हल हो गया । इस पर अखबार बहुत बरसे । आपके जो फिगर्स हैं वे ठीक नहीं हैं कहा जाता है कि एम्पलायमेंट एक्सचेंजों से

इतने अमियों को नौकरी मिल गयी लेकिय यह भी देखना चाहिए कि वह कितने दिन रहेगी । कहा जाता है कि इतने आदमियों को ट्रेनिंग मिल गयी । इस बात को भी आप जरा ध्यान से देखें । यह रिफ्यूजीस की चार बुनियादी चीजें हैं । इनको आप न भूलें । मैं चाहता हूं कि परमात्मा आपको कामयाबी दे और ऐसा न हो कि जहां औरों ने ठोकर खायी वहां आप भी ठोकर खा जायं ।

इसी तरह ईस्ट पाकिस्तान का मसला है । इसकी कमियां बतला कर मैं कोई नेहरू सरकार की बदनामी नहीं करना चाहता आज उसका नाम इतना बड़ा है कि उसकी बदनामी नहीं हो सकती । लेकिन हमको इस मसले को हल करने की कोशिश करनी चाहिए । और मैं तो यह कहूंगा कि आज आठ वर्ष के बाद रिफ्यूजीज का मसला और बदतर हो गया है । पूछिये कैसे ? अभी रेनुका जी की रिपोर्ट आपके सामने है । जिस तरह का आज बंगाल का मसला है उस तरह का वैस्ट पंजाब का मसला नहीं था । पंजाब में तो यह हुआ था कि इस तरफ से ५० लाख आदमी गये और उस तरफ से भी ५० लाख आदमी आये । जो गये वे अपने मकान और जमीन यहां छोड़ गये गो कि वह उतनी नहीं थी कि जितने आने वाले छोड़ कर आये । तो जो लोग यहां आये उनको उसमें से कुछ मिल सका । लेकिन आज बंगाल में क्या हो रहा है । बंगाल से ७ लाख आदमी गये और पांच लाख वहां आये । तो दो लाख ज्यादा गये । अब वहां ३४ लाख आदमी और आ चुके हैं । इसमें से आप दो लाख निकाल दीजिये तो ३२ लाख ऐसे आदमी हैं जिनके लिए न जमीन है न मकान हैं । अब वह कहां जायं । बंगाल में पहले से ही पापुलेशन बहुत ज्यादा है । तो वे वे लोग कहां जायं । इस वास्ते यह मसला पंजाब के मसले से बिल्कुल अलाहिदा है और मुझे खतरा है कि हमारी गवर्नमेंट की किश्ती जो अभी तक अच्छी तरह से चल रही है वह यहां आकर लौट न जाय । इस वास्ते मैं समझता हूं कि आप इस प्राबलम को फर्स्ट प्रायरिटी दें । मेरे पास इसके लिए हल हैं ।

सब से पहली बात तो मैं यह अर्ज करूंगा कि पहले तो हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब को हिन्दुस्तान के जितने सूबों के मिनिस्टर हैं और जितने कैबिनेट के मिनिस्टर हैं उनकी एक कानफरेंस बुलानी चाहिए और उनको यह बतलाना चाहिए कि यह एक बालकेनी है जिस पर हम बैठे हुए हैं । यह ३४ लाख आदमी इस तरफ आ गये हैं और यह हालत है कि २० हजार हिन्दू हर महीने ईस्ट पाकिस्तान से वैसट बंगाल में चले आ रहे हैं । यह कोई मामूली प्राबलम नहीं है । हमारे मोहन लाल सक्सेना साहब ने यह कह कर इस्तीफा दे दिया था कि मिनिस्ट्रीज में आपस में कोआर्डिनेशन नहीं है और स्टेट गवर्नमेंट्स से कोआपरेशन नहीं मिलता । आज मैं अपने प्राइम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि वह अपने मिनिस्टरों और स्टेट्स के चीफ मिनिस्टरों के साथ बैठकर इस मसले पर बिचार करें कि यह मसला कितना गहरा है और यह कितनी दूर जा सकता है ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट आफ इंडिया को चाहिए कि आज इस मसले को प्रायरिटी दे । नहरी पानी का मसला, इवेक्वी प्रापर्टी का मसला और काश्मीर तक का मसला दो नम्बर पर होना चाहिए । अव्वल नम्बर का मसला आज बंगाल का मसला है । इसलिए मैं चाहता हूं कि हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब फौरन पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर से अपनी मुलाकात मुकर्रर करें जिसमें डा० खां साहब और फजलुलहक साहब भी मौजूद हों । उनके सामने यह मामला रखें कि यह एग्जोडस क्यों हो रहा है । इसके काजेज क्या हैं । कम्यूनल या रिलीजस, या इकानमिक या सोशल ।

[लाला अचिंत राम]

उनके सामने यह बात रखें कि आप की तरफ से ३४ लाख हिन्दू हमारे यहां आ गये हैं अगर ३० लाख भी मुसलमान यहां से पाकिस्तान चले जायं तो उनके सामने क्या मुश्किलात पेश आवेंगी। इसलिए मैं कहता हूं कि इस मसले को सब से ज्यादा प्रायरिटी देकर पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर के साथ मुलाकात तै की जाय जिसमें डा० खां साहब और फजलुल हक साहब भी हों। और उनके साथ बैठ कर इस मसले को हल करें।

कहा जाता है कि वहां का मसला इकानमिक हैं इसलिए ऐसा हो रहा है। मुसलमान भी आ रहे हैं। अगर यह बात है तो मैं पंडित जी की खिदमत में यह अर्ज करूंगा कि अगर इसी तरह से हमारे यहां आदमी आते रहे तो हमारे लिए इस मसले को हल करना मुश्किल हो जायगा। अभी आप बंगाल को इस काम के लिए १७ करोड़ रुपया दे रहे हैं। मेरा सुझाव यह है कि आप पाकिस्तान में लोगों की इकानमिक हालत को सुधारने के लिए पांच करोड़ रुपया साल खर्च कीजिये ताकि जो हिन्दू वहां से आ रहे हैं वे न आवें। और इस काम को डा० खां साहब अपने हाथ में लें। आज जो हिन्दू हिन्दुस्तान में आते हैं वे बड़े दुखी हैं। आप देखते हैं कि किस तरह से ये लोग बड़ी तादाद में मर रहे हैं। अगर आप इस तरह की मदद उनको पाकिस्तान में करेंगे तो इसके बहुत अच्छे नतायज हो सकते हैं। वहां से आने वालों की हालत को देखकर यहां के हिन्दुओं के दिल के अन्दर भी तरह तरह के ख्याल आ जाते हैं। हमने सिक्यूलरिज्म की तरफ कदम उठाया हैं। अगर यही हालत रही तो मुझे डर हैं कि हम इस रास्ते पर आगे न बढ़ सकें। हम यहां ४०० आदमी बैठे हुए हैं। अगर हम में से ३०० चले जायं तो जो सौ बच रहेंगे उनके दिल में क्या ख्याल होगा। ऐसा ही वहां जो लोग रह गये हैं वे महसूस करते हैं। लोग समझते हैं कि पाकिस्तान में कम्युनलिज्म बढ़ रहा है। अगर मंत्री महोदय कहेंगे कि वहां पर ऐसा इकानमिक जह से हो रहा है तो मैं कहूंगा कि ऐसा क्यों है। इसको रोकने के लिए जो मैं ने सजेशन दिये हैं उन पर सरकार अमल करे। अगर पहला सजेशन नाकामयाब रहे तो दूसरा काम में लाया जाय, अगर दूसरा भी नाकामयाब रहे तो तीसरा और अगर तीसरा भी नाकामयाब रहे तो चौथा सजेशन काम में लाया जाये। अगर यह सब कदम उठाने के बाद भी हालत न सुधरे तो यह साफ है कि पाकिस्तान की गवर्नमेंट वहां के हिन्दुओं का इन्तिजाम करने में नाकामयाब रही है।

हमे कोई चैरिटी लेने की ख्वाहिश नहीं है। मैं तो कहूंगा कि जो ३४ लाख हमारे मुसीबतजदा भाई ईस्ट बंगाल से यहां भाग कर आये हैं उनको बसाने के लिए इंडिया गवर्नमेंट को पाकिस्तान से मतालबा करना चाहिए कि वहां ईस्ट बंगाल में जो ५४ हजार मुरब्बा मील रकबा है उसमें से साढ़े चार हजार मुरब्बा मील रकबा मेहरबानी कर के उन रेफ्यजीज के लिए सैट ए पर्ट कर दे और वहां पर उनको बसाया जाय। मैं चाहूंगा कि हिन्दुस्तान की गवर्नमेंट उसका इंतजाम करे, या बेशक वह यू० एन० ओ० के मातहत रहे और उनके मातहत वहां का इंतजाम चले। हमारी कोई ख्वाहिश नहीं है कि हम अपनी टेरिटेरी को बढ़ायें। चूंकि पकिस्तान उस प्राबलम को हल नहीं कर रहा है, इस लिए हम उसको इस तरह पर हल कर सकते हैं और उसके लिए मुद्दत दें कि अगर दस वर्ष या पांच वर्ष के बाद वहां के हालात ठीक हो जाते हैं, तो मैं अर्ज करूंगा कि वह टैरिटेरी पाकिस्तान में चली जाय, मुझे टैरिटेरी की कोई ख्वाहिश नहीं है। हमें तो यह मतालबा इसलिए करना चाहिए कि आज जो हमारे भाई पार्टीशन की वजह से सफर कर रहे हैं और दुःख उठा रहे हैं उनको राहत देने के लिए और बसाने के लिए ऐसी

[लाला अचिंत राम]

मांग करना पड़ती है। हमें इलाके की कोई ख्वाहिश नहीं है, भले ही उस इलाके का इंतजाम गवर्नमेंट आफ इंडिया के मातहत हो या यू० एन० ओ० के जिम्मे हो, दो, तीन वर्ष के लिए इंतजाम करें और जब इंतजाम ठीक हो जाय तो वापिस चली जाय। यह चारों सोल्यूशन हैं जिनको कि गवर्नमेंट एडाप्ट कर सकती है। पंडितजी और देश की गवर्नमेंट के लिए वह रास्ता भी खुला है जो उन्होंने गोवा में इस्तेमाल किया और पांडिचेरी में इस्तेमाल कर रहे हैं। "दैट वे इज ओपेन टू यू"। ऐसा अगर आप करते हैं तो आप कोई अनहोनी बात नहीं करेंगे, ऐसा कर के आप कोई हाइड्रोजन बम का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, पांडिचेरी के अन्दर आपने उसका इस्तेमाल किया और आपको कामयाबी भी हुई, गोवा के अन्दर भी वही तरीका आप चला रहे हैं। मुझे पूरी आशा और विश्वास है कि जब हमारे प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू दुनिया के बड़े बड़े मसलों को हल कर रहे हैं, तो हिन्दुस्तान की गवर्नमेंट पंडित जी के प्रभावशाली नेतृत्व में इस मसले को भी हल कर लेगी।

अधिक मैं नहीं कहना चाहता। मेरा समय भी खत्म हो गया है। सिर्फ, एक आध बातें पश्चिमी पाकिस्तान के सम्बन्ध में अर्ज करना चाहता हूं और वह यह है कि हमारे हाउस आफ दी पीपुल और ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी ने फैसला किया कि वैस्टर्न पाकिस्तान से जो शरणार्थी आये हुए हैं उनको गवर्नमेंट आफ इंडिया पचास परसैंट कम्पेंसेशन दे, ख्याल रक्खा जाय कि यह फैसला उनका नहीं है, यह फैसला तमाम हाउस का है, और तमाम देश का है और इस नाते में कहूंगा कि अगर डेमोक्रेसी में कोई जान है और डेमोक्रेसी कोई चीज है तो मैं कहूंगा कि फिफटी परसैंट कम्पेंसेशन मस्ट बी पेड टु दोज रेफ्यूजीज।

17 LSD—4

दूसरी बात मैं यह अर्ज करूंगा यह न समझ लिया जाय कि अगर हम आज सिर्फ पचास परसैंट मांगते हैं तो हमने बाकी अपने क्लेम्स् को छोड़ दिया है, अगर वहां पर हम ६० लाख एकड़ जमीन छोड़ कर आये हैं तो हमारा कहना है कि फिलहाल तुम हमें ४० लाख एकड़ ही दो, गवर्नमेंट का फर्ज है कि वह उनको दे और जो बाकी रह जाय वह उनको इंस्टालमेंट में पूरा कर दे। आज जितनी जमीन रिक्लेम होती है, उस पर रिफ्यूजीज को बसाया जाय।

मैं जानता हूं कि आप उनको राहत देने के काम मे लगे हुए हैं और मुझे उम्मीद है कि जिस मेहनत और हिम्मत के साथ आप इस नोबल काम में लगे हैं, परमात्मा आपको अवश्य कामयाबी देगा।

Sardar Hukam Singh: It was observed that there have been many changes in the Ministry since we discussed this subject last year. Of course, I am at one with my hon. friends who have said that the change is welcome; but I welcome it for some other reasons as well.

I do not dispute the fact that Shri Ajit Prasad Jain, soon after his assumption of office, showed enthusiasm. He worked very hard. I have to divide the period of his office into two phases. When he took up office he showed great courage and enthusiasm and carried on the work very enthusiastically, certainly. But after about two years, as has been remarked, we found there was some change in the attitude of the Ministry. The Ministry was more anxious to get itself wound up and liquidated, than executing the work of rehabilitation and resettlement. More enthusiasm was shown, as has been just now pointed out by Shri Achint Ram in the winding up of the Ministry, so much so we find that there has been no mention of any rehabilitation problem in the President's Address since 1952. Whenever there

was an occasion, we were told that the problem had almost been solved; in the annual reports it was mentioned that about 90 per cent. of the refugees from West Pakistan had been rehabilitated. If this was the impression that was given to the House, we are perfectly justified in believing that it should have been given to the Prime Minister as well. I believe the previous Minister who had worked so well, was very anxious later to get into some better job and he was looking for some opportunity when he could jump up. That he has got. We wish him success. Our good wishes are with him.

Shri S. S. More: And more progress.

Sardar Hukam Singh: Now that we have got another Minister what do urge upon him is that we want early rehabilitation, speedy execution of these compensation schemes. We also want that the objective should not be to wind up the Ministry. It has a very long task, a very big task to perform. It would not be finished within such a short time as some persons working in the Ministry imagine......We are sorry to know that. The Ministry should be run with the object of completing its task, rather than with the object of winding itself up.

The previous Minister, Shri Ajit Prasad Jain had on one occasion observed that he had every sympathy with the refugees, that half the blood in his veins was Punjabi. Now we are glad that the whole of the blood is West Pakistani. Perhaps, my hon. friends from East Pakistan might grudge it. But certainly we welcome it: that the whole blood, not half of the blood, in his veins, is West Pakistani. I have certainly as much interest in the refugees from East Pakistan as I have in the refugees from West Pakistan. They do deserve our sympathy and consideration, as much as the West Pakistan refugees. As their case has been so ably argued by my able friend, I shall confine myself mostly to the West Pakistan refugees.

As I have just observed, there is an impression created in official circles that the problem of the West Pakistan refugees has been solved. It is entirely wrong. This problem has not been solved. I do give Government the credit that much has been done. We do not deny that. So far as housing of refugees is concerned, Israel and Germany are the two countries which should be given precedence over India, and we occupy the third place. But when we come to scrutinise the real things, we are disappointed. The reports do not reflect the real state of affairs obtaining in our country. It has been given in the reports that there are 81 lakhs of refugees, 47 lakhs from West Pakistan and 34 lakhs from East Pakistan; there are in addition about 90,000 in Jammu and Kashmir. Let me say a word about the refugees in Kashmir and Jammu. My hon. friend Mr. Charak has already dealt with this subject. Now that Kashmir has completely acceded to India, it is the responsibility of the Central Government to rehabilitate these refugees. We understand that they have been given two acres of land each, not in the fertile valley of Kashmir but in the arid tracts of Jammu where they cannot live on these two acres. This is not rehabilitation. Perhaps the Kashmir Government were helpless; they might not have more land; the land available with them cannot be stretched further. Now it is the responsibility of the Central Government and, therefore, it should see that those persons are rehabilitated. It has been already argued that those persons are not responsible for this displacement. It is the responsibility of our leaders and our Government to see that all those persons are rehabilitated. Indeed, it is the responsibility of India to see that those who are victims of Partition and of the incidents that followed it, do get that much at least which they deserve for being rehabilitated.

[Sardar Hukam Singh]

We have been told that the Ministry has trained so many people for vocational avocations. Our target was about 80,000 people; 70,000 have been trained, the report says, and 9,000 are undergoing training. The target is very fine and very good, but what about those who have been trained? Were they able to start their own business? How many out of them have been able to rehabilitate themselves? Would it satisfy all of us if you say that you have given them training? Has any assessment been made that after training, they could start their business or get suitable jobs or employment in any industry or other centres? There is no data at all and these questions have been asked on the floor of the House many a time and no answer has ever come. The Government has not cared to find whether any percentage out of those has really been rehabilitated. Those people are simply going round as labourers or unemployed and they are only a burden on the society.

We are also told that 4·75 lakhs of allottees were given agricultural lands. That was considered enough. Is it suggested that because allotment of lands has been made to 4·75 lakhs of pepole, they have all been rehabilitated? Was any care taken to find out how many of them remained on the land and what was the number of the persons that gave up the land? It is admitted in the report itself that at least there was one lakh, that is one-fifth at least, who did not go and take possession of the land, because it was so little—say, one acre or even less than that—that it was no use to go over to the land and settle down there. No assessment has been made of these people whether they are still in the towns and the cities; what work they are doing; whether they have got any jobs; whether they depend upon their daily labour and daily wages; how many of them are employed and so on. It was considered at one time that liquidation of camps was rehabilitation. Now, it is considered that giving them chits of allotment is rehabilitation, and giving training in these avocations is rehabilitation. How are these considered to be rehabilitation? I wonder whether the Government feels its responsibility or it only wanted to show on record that it has discharged its responsibility, and it can be put in the report that "we are free of all encumbrances because we have given training, we have given allotment chits, we have done this and we have done that".

So far as housing is concerned, it was very ably argued by Pandit Thakur Das Bhargava yesterday when the Ministry of Works, Housing and Supply was being discussed, that these people also deserve at least the same consideration. Now it is said that there were about 12 lakhs of people who could be accommodated in the evacuee houses. The plight of those men have never been considered; there was so much congestion in those houses and it has not been assessed at any time whether they require and relief or more accommodation. They have been huddled together like goods in a small room. They have been able to find any shelter there. This is also not rehabilitation and does not reflect credit on the Ministry that they have discharged their duty.

Similarly, the Government has observed in its report that the target is 2,00,000 units so far as housing is concerned, and mostly they have completed it. It was said in the last report as well that they would complete it by the end of this March. But now it has been shifted a year hence and most of it will be done by the end of March next. Whatever it may be, taking the average of five persons per family, 2,00,000 tenements would only accommodate 10,00,000 people, and if 12,00,000 be taken as having been housed in those evacuee houses, then it comes to 22,00,000. This is not rehabilitation

for all. It is only 22 lakhs, but according to their own report, there are 28 lakhs and so there is still a surplus of 6 lakhs who have got no shelter and for whom nothing is being done.

Now I come to the most important question of compensation. We have been told in the report that with the advent of the compensation scheme, the shape of things has changed. Of course, we do admit that because no loans are to be advanced to any displaced person and the allotted houses and residences are being sold. So, they are to be displaced a second time. Therefore, things have changed—not for the better, but for the worse rather. When they came first, they had many hopes and expectations that they would get this or that, but now if a diplaced person is displaced from his habitation, he has nothing but frustration and disappointment.

I want to press one point and it has been very beautifully put in the report itself. When I was reading it, I was very much impressed. The hon. Minister—the former Minister—put it, as I have just said, that half the blood in his veins was Punjabi blood; he found that he was one of them; he had many quarrels with them, but at last they settled their quarrels amicably. Now, there is a pool and so many are shareholders and it belongs to them, and they are the real proprietors. What do we find now? Those proprietors are paying rent for their residences and they are paying interest on their loans. They have no house or shelter to live in. There are many who have none. What has been done so far? What I am trying to press is about the slow pace in the execution of the compensation scheme.

What are the figures given to us? So far as compensation is concerned, about 12,00,000 properties are involved; about 3,500 properties have been sold, that is not even 1 per cent. There is a pool of about Rs. 195 crores and about Rs. 10 crores have been paid, that is, about 6 per cent. About 4,00,000 claimants are there and about Rs. 46,000 have been paid, including the agriculturists also, that is about 10 per cent; otherwise, it will be only Rs. 36,000 and that would come to about 7 per cent. It was on the 5th November 1953 that the Government sanctioned this scheme. Of course, we have beautiful photos and perhaps refugees like myself have gazed at it many a time thinking that the Minister was giving away these drafts to poor displaced persons. I thought my turn also would come within my life time, but now I think it may not be possible for me to get that draft. I have not got it from Shri Jain and I do not know whether I would get it from Shri Khanna.

Shri Mehr Chand Khanna: Don't be so pessimistic.

Sardar Hukam Singh: But the pace that is going on is very slow. On the 5th November, 1953 this sum was sanctioned. On 28th November, 1953, those drafts were handed over to some people and those photos also came in all these reports. If this is the pace of progress, what happens? We have not been told in the report what time they would take for distributing these things. It seems that it would take at least five years more even with the momentum that is expected of it. Otherwise it could be ten years. If it is accelerated, I take it that it would be five years at least before this thing is finished. Should I hope that those people will live till then, or die sooner?

Mr. Chairman: We shall pray for their longevity.

Sardar Hukam Singh: But there are many persons who feel disgusted. I just saw in this morning's newspapers the news of a sad event. A 45-year-old widow of Kotla Mubarakpur committed suicide on Friday as she could not "for long see her children starve". The woman a refugee from West Pakistan. made a state-

[Sardar Hukam Singh]

ment before she died that she had only one son who was earning, but his income was so meagre that he could not support his other two brothers. This was stated to have motivated her to sprinkle kerosene oil over her clothes and set them on fire, resulting in her death. One Bhagat said:

डूब मुये नौका मिली की काहे तराऊं

"When I am dead, and a boat comes to my rescue from the sea, what relief can I have?"

Shri S. S. More: It will take out the body at least;

Sardar Hukam Singh: Of course, that would be a consolation. At this pace I do not feel that the refugees would be rehabilitated. They would not get compensation during their life time. If this pace continues, certainly frustration would overtake them.

Again, I have one small point to press. There have been attempts for a considerable time to enhance or increase this pool in all respects, that this pool should somehow be inflated and the claim should be brought down. This has been done several times. Revisions have been made and even claims have been reduced without the knowledge of the persons concerned. There are several claims that have not been taken. There are rural claims also amounting to Rs. 1 crores or Rs. 2 crores. Claims for Rs. 10,000 have not been considered at all and all those persons who have four houses in a village—four separate residences—have not been compensated properly. If the total property comes to Rs. 20,000 and if one house separately was not worth more than Rs. 19.000—Rs. 1,000 less—the claim for Rs. 79,000 was refused at that time. This attempt to raise or inflate this national pool and to decrease the claims so that it might be shown that something was paid to the party is not bringing in good results.

I have one case to refer. It is a case here in Delhi. He is a displaced person from West Pakistan. He left quite a large property there and he was given a good shop in Chandni Chowk. The Rehabilitation Finance Administration also gave him about Rs. 15,000. With that money he purchased his articles and started a shop. Afterwards it was declared that the shop was not an evacuee property and so the Custodian forced him out of the shop and his things were thrown out. Even that misfortune he bore and he went round asking that he should get another property. He tried to get copies of the judgment. Six years have passed since that time and only after six years he got a copy of that judgement. Meanwhile he has been displaced from his residence too. Now he is going round wondering as to what to do. I bring it to the notice of the hon. Minister to show that there are cases which require careful consideration. He should not think that because a large number out of his rolls have been struck off as having been given loans or that they have been struck off as having been trained or educated nothing remains to be done. It requires much more screening.

One more point, Sir. If a displaced person pays a rent for five years more, and after 12 years, if he gets a compensation of say Rs. 4,000, he must have paid by that time the very amount that he would get by way of compensation. After twelve years, he would be quits and go out of the residence getting nothing. Simply, he has paid the rent out of his pocket only with the consolation that the Government recouped it at least at the end.

Shri N. C. Chatterjee: I would start by associating myself with Shrimati Sucheta Kirpalani in welcoming the appointment of Shri Mehr Chand Khanna as the Union Rehabili-

tation Minister. I say so for more than one reason. In the month of May last I had the privilege of discussing with Shri Jawaharlal Nehru, our Prime Minister, the East Bengal refugee situation. I am glad to tell you—and the House should know—that he was very sympathetic and gave me and Dr. Meghnad Saha and another Member of Parliament, very patient hearing. We submitted a nine-point memorandum for the consideration of the Prime Minister and the Government of India. Our first point was that it was regrettable how things have been bungled between Delhi and Calcutta. We pointed out to the Prime Minister that it was nothing short of a scandle. It had been admitted by the Finance Minister, Shri C. D. Deshmukh, on the floor of this House that out of Rs. 12 crores allocated during 1953-54 for refugees from East Pakistan, the amount actually spent was only Rs. 9½ crores and that the remaining Rs. 2½ crores had actually lapsed for want of any proper schemes. We pointed out to the Prime Minister that it was absolutely vital—that was our first point—that one Minister preferably the Rehabilitation Minister himself, or the Deputy Minister should be stationed at Calcutta and he should be placed in direct charge of the eastern region's refugee rehabilitation work and he should be in close contact with the Chief Minister of West Bengal, Dr. B. C. Roy, and the Rehabilitation Minister there, Mrs. Renuka Ray and our set-up there. The Prime Minister was good enough to promise sympathetic consideration. He wrote to me on the 28th May to say that after the interview he had with me and my colleagues, he had discussed the matter with the Rehabilitation Minister, Shri Ajit Prasad Jain. His first sentence was:

> "The Minister entirely agrees that we must pay a great deal of attention to the problem of rehabilitation in West Bengal."

But then he added that Shri Ajit Prasad Jain did not agree with our suggestion that there should be one Minister located at Calcutta.

I am reading to you the language of the Prime Minister:

> "Shri Ajit Prasad Jain thinks that the posting of a Central Minister in Calcutta is not likely to help but might indeed come in the way of the work, because this might produce some friction with the State Government whose interest might be lessened thereby."

I am happy that the Prime Minister has realised after all that he was wrongly advised by his Minister and that the proper step has now been taken. This was our first suggestion. In fact, this was not my suggestion nor the suggestion of Dr. Meghnad Saha, but it was the suggestion of the refugees who had come over expressed through a representative organisation. They wanted one Union Minister to be located in Calcutta to deal directly with our set-up there so that this disgraceful thing of lapsing of crores of rupees which were allocated for their relief and rehabilitation might not be repeated.

The Minister of Defence Organisation (Shri Tyagi): Was not this letter marked "personal"?

Shri N. C. Chatterjee: No. It was not marked personal. Otherwise, it would not have been published by Dr. Meghnad Saha at the Calcutta end. It was not meant to be private.

I further want to tell you that the Prime Minister was good enough to acknowledge that the administrative set-up was defective and he said that he was going to take steps to improve matters. I hope we shall have definite assurances from the Rehabilitation Minister that the administrative set-up would be improved and this sort of thing would not be repeated.

Sir, we had been continually telling the Prime Minister as well as

[Shri N. C. Chatterjee]

Shri A. P. Jain that their figures were wrong. We had been telling them: "You are trying to minimise the degree of calamity." It was not correct that only 28 or 29 lakhs had come over from East Bengal. I will rather have the mathematical data from an eminent mathematician and scientist like Dr. Saha than the figures of Shri A. P. Jain or any other person. They were then saying that only 25·95 lakhs of people had come. Now they have admitted that 34,20,000 people have come. You go to West Bengal and see the position. We all know that this is also not a correct figure. Dr. Saha's figures are more than 4 million people. But, whatever it is, they have admitted in the Fact Finding Committee's Report that in certain sectors only 14 per cent of the people had been rehabilitated. Take whatever figure you like—34 lakhs, 40 lakhs or 45 lakhs. The Fact Finding Committee itself says that only 14 per cent of the people had been rehabilitated.

The most distressing symptom today is the increasing tempo of refugee exodus. I am sorry to say that the hon. Minister's report has followed the stereotyped method. We expected more candour from the new Minister. He said that it is being impeded because of the paucity of suitable land in the West Bengal and the disinclination of the displaced persons to go to any other State or any other part of India. Sir, the real impediment is that thousands and thousands of people are being squeezed out not because of economic distress. That is an expression which is likely to mislead the House and mislead the world. We in this House of the People should not, at any rate, mislead ourselves. The Rehabilitation Minister of West Bengal, Mrs. Renuka Ray, said on the floor of the West Bengal Legislative Assembly that West Bengal has practically come to an end of her resources so far as the refugee rehabilitation is concerned. She said: "It is no good talking of refugee rehabilitation unless we know what is the exact proportion and size of the people that we have got to deal with." You know that East Pakistan was planned to accommodate 1,20,00,000 of Hindus. Even if we take it that 40 lakhs have been driven out, 80 lakhs are still remaining. If the present tempo of exodus is not checked, then the truncated State of West Bengal will go under the terrific pressure of population.

